**आकाशवाणी भोपाल**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 15.11.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर बिहार के जमुई जिले से छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया।**
- **प्रदेश में श्री अन्न पर 1 हजार रूपए प्रति क्विंटल अनुदान दिया जाएगा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की घोषणा।**
- **गुरू नानक जयंती को आज देश–विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।**
- **प्रदेश में आज से राजस्व महा–अभियान का तीसरा चरण शुरू, 2 लाख से अधिक लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य।**

**प्रधानमंत्री–जनजातीय**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **जनजातीय गौरव दिवस पर** आज बिहार के जमुई जिले से छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने जनजातीय समुदाय की पारंपरिक और लोक चिकित्सा को संरक्षित किया है और अब विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर इसे सुव्यवस्थित करने के लिए काम कर रही है। **प्रधानमंत्री ने कहा कि......**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शुरू किया है। इसमें जनजातियों को सीधा लाभ सुनिश्चित करके अच्छे परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के अंतर्गत आदिवासी गांवों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा गौरव उपवन शुरू करने की घोषणा की।

**मप्र–नरेंद्र मोदी**

शहडोल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छिंदवाड़ा में 'बादल भोई संग्रहालय' और जबलपुर में 'राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह संग्रहालय' का वर्चुअली उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा–

**गौरव दिवसः मप्र**

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शहडोल के बाणगंगा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 229 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से 76 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने यहां रानी दुर्गावती योजना के तहत श्री अन्न–कोदो–कुटकी और मोटा अनाज पर 1 हजार रूपए प्रति क्विंटल अनुदान दिए जाने की भी घोषणा की। जनजातीय गौरव दिवस पर धार जिले में भी समारोह हुआ। यहां राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिकलसेल उन्मूलन–2047डॉक टिकिट का विमोचन और वन अधिकार अधिनियम एफआरए एटलस का शुभारंभ किया।

## गुरू नानक जयंती

गुरू नानक जयंती को आज देश–विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह सिख धर्म के पहले गुरू, गुरू नानक देव के जन्म का प्रतीक है, जिन्होंने सिख धर्म की नींव रखी थी। इस वर्ष गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनायी जा रही है। आज के दिन दुनिया भर के श्रद्धालु विशेष प्रार्थना करते हैं। शहडोल जिले में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला में विशेष कीर्तन का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरू नानक जी का जीवन समाज को एकता, सदभाव और शांति कायम करने के साथ मानवता की मूल सिद्धांतों, करूणा और न्याय की ओर ले जाता है।

## राजस्व महाअभियान

प्रदेश में आज से राजस्व महा–अभियान का तीसरा चरण शुरू हुआ। इस महाअभियान में लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के साथ राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक किया जायेगा। अभियान को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा–

## बांद्राभान मेला

कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर नर्मदापुरम में नर्मदा और तवा नदी के संगम पर 4 दिवसीय बांद्राभान मेले के दौरान अब तक डेढ़ लाख लोग स्नान कर चुके हैं। कल रात तक 50 हजार श्रद्धालु आ चुके थे, जिन्होंने आज सूरज निकलते ही घाट पर पूजा–पाठ की और दाल–बाटी, चूरमा बनाकर मां नर्मदा को भोग लगाया। ब्रांद्राभान मेले को लेकर नर्मदापुरम जिले की कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा–

## भारत–दक्षिण अफ्रीका टी20 क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में चौथा और अंतिम टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा। भारत चार मैचों की श्रृंखला में दो–एक से आगे है। पहले मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 61 रनों से हराया था, जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने मेहमान टीम को तीन विकेट से हराया। वहीं, तीसरे मैच में भारत ने एक बड़े स्कोर में दक्षिण अफ्रीका को 11 रन से हराकर श्रृंखला में दो–एक की बढत बना ली है।

## समाचार संक्षेप

- आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आगरमालवा स्थित प्रसिद्ध, प्राचीन और ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर सुबह से ही दर्शनार्थी भक्तों की भीड़ देखी जा रही है।
- आदिवासी गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न विकास कार्यों में बैतूल जिले में एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल ब्लॉक भीमपुर का वर्चुअली लोकार्पण किया।
- शिवपुरी जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम बांसखेड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजना संबंधी जानकारी वाली प्रदर्शनी लगाई गई।
- कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देव की जयंती के मौके पर आज देवास जिले में अनेक आयोजन हो रहे हैं। श्रद्धालुओं ने नेमावर तथा धाराजी में नर्मदा नदी के पवित्र जल में स्नान किया और सूर्य देव की पूजा अर्चना की।